<u>कुलपति डॉ. जुयाल सम्मानित</u>

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल को फेलोशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह पुरूस्कार 18वीं इंडियन सोसायटी ऑफ वेटनरी फार्मोकोलॉजी एवं टॉक्सीकोलॉजी के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में डॉ. जुयाल के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यो हेतु दिया गया है। यह सम्मान डॉ. ए.के. श्रीवास्तव अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल तथा डॉ. एन.सी. पटेल, कुलपति, आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद गुजरात के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस समारोह में डॉ. जुयाल ने 'वन हेल्थ' कार्यक्रम के बारे में भाषण दिया। 'वन हेल्थ' से तात्पर्य है मनुष्य पशु एवं पर्यावरण सभी एक दूसरे के पूरक है एक का भी संतुलन गड़बड़ होने से सभी पर उसका प्रभाव आवष्यंभावी है। इस कार्यक्रम में पूरे देश से लगभग 200 वैज्ञानिक (कृषि व पशु वैज्ञानिक) तथा छात्र–छात्राओं ने आनंद कृषि विष्वविद्यालय में उपस्थित होकर हिस्सा लिया। डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल को हाल ही में Amity University Agribusiness Journal editorial Board के Advisor के रूप में भी नियुक्त किया है।